
# प्रधानमंत्री आम आदमी,गरीब और जरूरतमंद सभी के स्वास्थ्य कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**अहमदाबाद।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समग्र स्वास्थ्य देखभाल की नई परंपरा से जनसामान्य, अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति, वंचित या जरूरतमंद, सभी के स्वास्थ्य कल्याण की प्रतिबद्धता दिखाई है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब या मध्यमवर्गीय परिवारों को पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य रक्षा कवच मिलता है। इतना ही नहीं, भारतीय जन औषधि केंद्रों के माध्यम से अब जरूरतमंद लोगों को सस्ती एवं गुणवत्ता संपन्न दवाइयां भी आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने यह बात मंगलवार को गांधीनगर में 'जन औषधि दिवस' के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला एवं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल तथा गांधीनगर के महापौर हितेश मकवाणा सहित कई अन्य महानुभाव इस अवसर पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हरेक कल्याण योजना हो या फिर स्वास्थ्य सुविधाओं सहित जनहितकारी कार्यक्रम हो, सभी का आयोजन आदने आदमी और गरीबों को केंद्र में रखकर ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने ऐसे अदने, हाशिये पर खड़े और गरीब लोगों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए योजनाओं के सौ फीसदी लाभार्थी कवरेज यानी सेचुरेशन लेवल का दृष्टिकोण अपनाया है। जनहित का यह लक्ष्य कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे, सेचुरेशन लेवल से पूरा होगा। भूपेंद्र पटेल ने कहा कि पहले हालात यह थे कि किसी गरीब या मध्यमवर्गीय परिवारों किसी सदस्य के गंभीर बीमारी से ग्रसित होने पर महंगी दवाइयों के खर्च से बचने के लिए परिवार दर्द को सहन कर लेते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र शुरू कर ऐसे लाखों परिवारों को सस्ती, अच्छी और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां बाजार मूल्य की तुलना में 50 से 90 फीसदी तक सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दी गई सर्वसमावेशी विकास और सर्वकल्याण की नीति राज्य की गौरवशाली विकास यात्रा का आधार रही है। मुख्यमंत्री ने इस बात भी प्रकाश डाला कि राज्य सरकार ने इस वर्ष प्रधानमंत्री जन आरोग्य-मा योजना के अंतर्गत प्रति परिवार बीमा की वार्षिक सीमा को दुगुना यानी 5 से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों के माध्यम से राज्य में दूरदराज और अंतिम छोर पर बसे इलाकों तक बेहतरीन स्वास्थ्य उपचार सुविधाएं सुलभ हुई हैं। मुख्यमंत्री ने जन स्वास्थ्य सुरक्षा की इसी प्रतिबद्धता को प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में जनसहयोग से आगे बढ़ाकर 'सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया' का संकल्प गुजरात में चरितार्थ करने की भी अपेक्षा व्यक्त की।

इस अवसर पर केंद्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि जेनरिक दवाओं को लेकर लोगों में यह गलत धारणा है कि ऐसी दवाइयां प्रभावी नहीं होती, परन्तु जेनरिक दवाइयों का उपयोग न केवल भारत बल्कि अमेरिका और यूरोप जैसे देशों में भी हो रहा है। 51 देशों में जेनरिक दवाइयों के निर्यात की मांग भी काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत में आज ऐसी अनेक प्रगतिशील घटनाएं घटित हो रही हैं, जो दुनिया के किसी कोने में नहीं हो रही हैं। 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना' (पीएमबीजेपी) इनमें से एक प्रयोग है। उन्होंने इस वर्ष जन औषधि दिवस की थीम 'जन औषधि सस्ती भी-अच्छी भी' के अंतर्गत लोगों में जेनरिक दवाइयों के उपयोग का व्यापक प्रचार करने का भी अनुरोध किया।

# एक सप्ताह के भीतर अहमदाबाद शहर में दर्ज हुए कोरोना के 46 नए केस



**अहमदाबाद।** होली-धुलेटी के त्यौहार पर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। एक सप्ताह के भीतर अहमदाबाद शहर में कोरोना के 46 नए मामले सामने आए हैं। अहमदाबाद में कोरोना के फिलहाल 49 सक्रिय मरीज हैं, जिसमें सबसे अधिक शहर के पश्चिम में पोश इलाके के हैं। अहमदाबाद महानगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भाविन सोलंकी के मुताबिक शहर में बीते एक सप्ताह में कोरोना के 46 नए केस दर्ज हुए हैं और इसके साथ 49 सक्रिय मरीज हो गए हैं। इन 49 सक्रिय मरीजों में 13 लोगों की हिस्ट्री विदेश और राज्य बाहर के आए व्यक्ति शामिल हैं। कोरोना के सबसे अधिक केस अहमदाबाद के जोधपुर, थलतेज और नवरंगपुरा वार्ड में दर्ज हुए हैं। नए वेरिएन्ट के चलते सभी सक्रिय मरीजों के सैम्पल जांच के लिए लेबोरेटरी भेज दिए गए हैं। महानगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भाविन सोलंकी ने लोगों से अपील की है कि शर्दी, खांसी और ज्वर पीड़ित लोगों को भीड़भाड़वाली जगह पर जाने से बचना चाहिए। खासकर छोटे बच्चे और बुजुर्गों को मास्क जरूर लगाना चाहिए। जहां ज्यादा लोग एकत्र हों वहां विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। जनवरी महीने में अहमदाबाद में कोरोना के कुल 36 केस, फरवरी महीने में 24 केस और मार्च महीने में 6 मार्च तक कुल 46 नए केस दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में दोहरी ऋतु के कारण शर्दी-खांसी के मामले बढ़े हैं।

# झूलता पुल दुर्घटना मामले के आपी और ओरेवा ग्रुप के एमडी की जमानत याचिका रद्द



**मोरबी।** मोरबी के झूलता पुल दुर्घटना के आरोपी और ओरेवा ग्रुप के एमडी जयसुख पटेल को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पिछले 27 दिनों से जेल में बंद जयसुख पटेल की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। मोरबी जिला सत्र न्यायालय ने द्वारा जयसुख पटेल की जमानत याचिका खारिज करने से फिलहाल उन्हें जेल में ही रहना होगा। जयसुख पटेल ने मोरबी जिला सत्र न्यायालय में अंतरिम जमानत की याचिका दाखिल की थी। गत 4 मार्च को मोरबी की कोर्ट में दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी अपनी दलीले पेश की थीं। जयसुख पटेल के वकील ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए दलील दी कि बैंक का काम और पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए उनके मुवक्कील जयसुख पटेल की अंतरिम जमानत मंजूर करनी चाहिए। इसके जवाब में सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि जयसुख पटेल तीन महीने से भागते फिर रहे थे और करीब एक महीने से जेल में बंद हैं। इसके बावजूद उनकी कंपनी बदस्तूर चल रही है। इससे साफ है कि जयसुख पटेल का बाहर आना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आज यानी 7 मार्च को अगले सुनवाई मुकर्रर की थी। आज मोरबी के जिला सत्र न्यायालय ने मोरबी दुर्घटना के आरोपी जयसुख पटेल की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने ओरवे कंपनी के एमडी को मोरबी दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को रु. 10-10 लाख की सहायता राशि देने का आदेश दिया था। साथ ही इस दुर्घटना के प्रत्येक घायलों को रु. 2-2 लाख की सहायता देने का भी आदेश दिया था। अपना फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि मुआवजा या सहायता राशि देने से पुलिस कार्यवाही से राहत मिलेगी ऐसा आरोपी को नहीं मानना चाहिए। केस की कार्यवाही और मुआवजे से कोई संबंध नहीं है।

# गुजरात विधानसभा के इतिहास में पहली बार सभी विधायकों ने खेली आपस में होली



**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा परिसर में रंगोत्सव के पर्व होली पर जो हुआ वह इतिहास में पहली बार हुआ। विधानसभा के 182 विधायकों ने पहली बार एक साथ होली खेली। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में भाजपा, कांग्रेस और आप विधायकों ने एक-दूसरे प्राकृतिक रंग टेसू के फूल से धुलेटी खेली। बता दें कि विधानसभा परिसर स्थित मैदान में रंगोत्सव का पर्व होली मनाने की अध्यक्ष शंकर चौधरी ने मंजूरी दी थी। इसकी दरखास्त भाजपा विधायक और सत्तापक्ष के दंडक बालकृष्ण शुक्ल ने दी थी। विधासनभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने स्वीकार करते हुए मंजूरी प्रदान कर दी। मंगलवार की सुबह 9 बजे विधानसभा सत्र की शुरुआत हुई और उसके बाद सभी विधायक आज के खाली दिन पर विधानसभा परिसर स्थित मैदान में पहुंच गए। विधायक और मंत्रियों ने एक-दूसरे को प्राकृतिक रंग लगाकर होली मनाई।

इस दौरान भावनगर के विधायक और पूर्व मंत्री जीतु वाघाणी तलवार की भांति लाठी भांजते नजर आए। वहीं विधायक पिचकारी लेकर एक-दूसरे के पीछे भागते दिखे। होली को लेकर सभी विधायक और मंत्रियों में आज एक अलग उत्साह देखने को मिला। गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने भी सभी विधायकों और मंत्रियों के साथ होली खेली। जानकारी के मुताबिक रंगभरी होली खेलने के लिए 100 किलो टेसू के फूल मंगवाए गए थे और पार्टी से हटकर सभी विधायकों ने गुजरात विधानसभा के इतिहास में पहली बार इस प्रकार साथ मिलकर होली मनाई। भाजपा, कांग्रेस और आप के सभी विधायकों को एक-दूसरे को रंग लगाया।

# फूलों की होली का हुआ आयोजन



**सूरत भूमि,सूरत।** श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की महिला सदस्यों द्वारा फूलों की होली का आयोजन रविवार को वीआईपी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर, सूरतधाम में किया गया । इस अवसर पर लखदातार हॉल में बाबा का भव्य दरबार सजाया गया । श्रृंगारित दरबार के समक्ष शाम साढ़े छ बजे से महिला सदस्यों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई । इस दौरान महिलाओं द्वारा चंग पर डांस सहित अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं राधा-कृष्ण की झांकी द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया । आयोजन में अनेकों महिला सदस्य उपस्थित रही । सभी महिलायें पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रही ।

# कांग्रेस की युवाओं में बढ़ती हार्ट अटैक को लेकर एसआईटी गठन करने की सरकार से मांग



**अहमदाबाद ।** गुजरात में हार्ट अटैक की खासकर युवाओं में बढ़ती ऐसी घटनाएं चिंताजनक है और इसका कारण जानने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की राज्य सरकार से मांग की है। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता निदत्त बारोट ने स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल को लिखे पत्र में कहा कि राजकोट समेत राज्य के कई हिस्सों में युवाओं में हार्ट अटैक की खबरें सामने आ रही है। मैदान में खेलते खेलते युवा अचानक हार्ट अटैक का शिकार हो जाते हैं और अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो जाती है। ऐसी घटनाओं को सामान्य माना नहीं जा सकता। कांग्रेस प्रवक्ता ने पत्र में आगे लिखा कि गुजरात सरकार की मेडिकल कॉलेज और राज्य के विशेषज्ञ कार्डियोलोजिस्ट डॉक्टरों की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई जानी चाहिए। ताकि एसआईटी ऐसी घटनाओं को गंभीरता से अध्ययन कर कोई निष्कर्ष पहुंचे और कोई ठोस गाइडलाइन के साथ रिपोर्ट दे। जिससे भविष्य में ऐसी दु:खद घटनाओं को टाला जा सके। उन्होंने कहा कि गुजरात में शराब पकड़े जाने की घटनाओं में एसआईटी का गठन किया जा सकता है तो हार्ट अटैक जैसी संवेदनशील घटनाओं में पर क्यों नहीं? गुजरात में 25 से 40 वर्षीय लोगों में हार्ट अटैक की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में राजकोट में क्रिकेट खेलते खेलते युवक की मौत हो गई थी। सूरत में ऐसी ही घटना सामने आई थी। ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसआईटी गठित करना जरूरी हो गया है।

# श्री शारदा विद्यामंदिर द्वारा आयोजित नवरस सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सूरत।** बाल भवन का अर्थ है बाल फूलों का मंदिर और इस मंदिर के बाल छात्रों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें एक मंच प्रदान करना और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार 04/03/2023 को श्री शारदा विद्या मंदिर के बाल पुस्पो द्वारा मल्टी परपझ हॉल सिंगणपुर में सीनियर केजी छात्र स्नातक समारोह और नवरस वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव में सुन्दर, अद्भुत, रौद्र, शांत, दुखद, हँसी, वीर, भय और भक्ति जैसे जीवन के सभी रस आपके जीवन में आवश्यक हैं। जो हमारे बाल पुष्पों द्वारा गीत और अभिनय के माध्यम से इन सभी रसों का एक सुंदर प्रतिनिधित्व था। आदरणीय स्कूल ट्रस्टी एवं मंत्री श्री सवजीभाई पटेल, प्रबंधक श्री जैमिनभाई पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे, और अन्य आमंत्रित अतिथि थे श्री नरेशभाई लक्कड़, (मंत्री, स्वशासी स्कूल बोर्ड सूरत), श्रीमती भूमिबेन भिंगराडिया (उप मामलतदार, जिला अहवा) डांग) एवं श्रीमती रीति जोशी (प्राचार्य संस्कार भारती विद्यालय बाल भवन विभाग) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। बाल पुष्पो ने जीवन के विभिन्न रुचियों के विभिन्न कार्यों के माध्यम से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक के रूप में कार्य करने वाले अभिभावकों को भी सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अभिभावक मित्रों द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने माता-पिता और बच्चों को प्रशंसा के अनमोल शब्दों से सम्मानित किया और समारोह के अंत में, प्रबंधक श्री जैमिनभाई पटेल ने सभी कर्मचारी मित्रों को धन्यवाद दिया और विम्पलबेन और बालभवन विभाग के प्राचार्य और कुलपति को विशेष धन्यवाद दिया।

# पटेल फौजियो ने विन स्पोर्ट्स बॉक्स क्रिकेट विश्व कप का दूसरा संस्करण जीता



**सूरत भूमि, सूरत।** कपिल भाटिया द्वारा आयोजित विन स्पोर्ट्स एंटरप्रेन्योर्स बॉक्स क्रिकेट विश्व कप का दूसरा संस्करण पटेल फौजियो ने जीता। 5 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित इस टूर्नामेंट में उद्योगपतियों की दस टीमों ने सात लीग और नॉकआउट राउंड सहित 46 मैच खेले गए थे. इस क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट में शहरके 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आदित्य इन्फोटेक और पीवीआर टेंपेंस के चिंतन पटेल और जयेश पटेल सह-स्वामित्व वाली टीम विजेता रही।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत (गुजरात) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ (गुजरात) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत (गुजरात) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, (न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा)